बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-217
27/05/2022

मुख्यमंत्री ने भारतीय लेखिका श्रीमती गीतांजलि श्री को अंतर्राष्ट्रीय बुकर पुरस्कार मिलने पर बधाई एवं शुभकामनायें दी

पटना, 27 मई, 2022 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने सुप्रसिद्ध भारतीय हिन्दी लेखिका श्रीमती गीताजंलि श्री को अंतर्राष्ट्रीय बुकर पुरस्कार मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुये अपनी हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी हैं।

मुख्यमंत्री ने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि श्रीमती गीतांजलि श्री को उनके उपन्यास 'रेत समाधि' के अंग्रेजी अनुवाद 'टॉम ऑफ सैंड' के लिये यह सम्मान दिया गया है। अंतर्राष्ट्रीय बुकर पुरस्कार जीतने वाली किसी भी भारतीय भाषा की यह पहली पुस्तक है। उन्होंने कहा कि यह देश के लिये बेहद गौरव की बात है। भारत की बेटी को यह सम्मान मिलना देश की आधी आबादी को प्रेरणा प्रदान करेगा। उन्होंने कहा है कि इस उपलब्धि पर सम्पूर्ण देशवासियों को गर्व है।

******